# पंचायतों को स्वच्छ और स्वावलम्बी बनाना जरूरी : पटेल




**मंत्री पटेल की मौजूदगी में सम्पन्न हुई साधारण सभा की बैठक**

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की मौजूदगी में जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक जिला पंचायत के सरदार वल्लभ भाई पटैल सभाकक्ष में गुरूवार को आयोजित की गई।

बैठक की शुरूआत में मंत्री श्री पटेल ने विभागीय अधिकारियों से परिचय लिया। इसके पश्चात सर्वसम्मति से एक राष्ट्र- एक चुनाव के पक्ष में प्रस्ताव पारित किया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, तेंदूखेड़ा विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, जिला पंचायत सदस्य, अन्य जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार और अन्य जिला अधिकारी मौजूद थे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि हमारी यह जिम्मेदारी है कि हमारी पंचायत स्वच्छ और स्वावलम्बी बनें। यह प्रयास करना होगा कि हम किसी पर निर्भर नहीं रहें। इसके लिए हमें यह देखना होगा कि गांव का गंदा पानी स्वच्छ जल स्त्रोत में तो नहीं मिल रहा है। नाली निर्माण इस तरह हो कि उसका पानी स्वच्छ जल को दूषित नहीं करें। इन सब महत्वपूर्ण बातों पर आप सभी को ध्यान देना होगा। हमें अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में आगे बढ़ना होगा। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि प्रदेश सहित जिले में भी 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य है कि जल स्त्रोतों का संरक्षण, पौधरोपण, जल संरचनाओं की सफ़ाई, तालाबों की डिसिल्टिंग जैसे अन्य कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भूमि चिन्हित कर फ़ेंसिंग की जाये, जिससे कि बारिश के पहले यहां पौधरोपण किया जा सके। पौधरोपण के दौरान पौधों का चयन बड़े ही सोच समझकर किया जाये। ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए जिले में पेयजल संकट के लिए क्या तैयारियां होनी चाहिए।

यह पूर्व से स्पष्ट कार्य योजना के साथ निर्धारित हो। बैठक में मंत्री श्री पटेल ने सड़कों की बेहतर कनेक्टिविटी के लिये इंटर डिस्ट्रिक्ट कनेक्टिविटी वाली सड़कों को पहचान करने और 5 वर्ष या उससे अधिक पुरानी सड़कों के नवीनीकरण की कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये।

# खुलेआम दुकानों पर बिक रहे गैस सिलेंडर, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**गाडरवारा, देशबन्धु।** शहर में बड़े गैस सिलेंडर के साथ ही छोटे सिलेंडर भी अवैध रूप से जगह-जगह बेचे जा रहे, लेकिन जिम्मेदार इसे नजरअंदाज कर रहे हैं। ऐसे में शहर में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बड़े गैस सिलेंडर के विकल्प में इन दिनों बाजार में छोटे गैस सिलेंडरों की भरमार है। शहर की गली-गली में यह सिलेंडर खुलेआम बिक रहे हैं। नियमानुसार दुकान पर नीले कलर का छोटा सिलेंडर ही बेचा जा सकता है, लेकिन घर पर ही गैस रिफिलिंग कर दुकान संचालक लाल सिलेंडर बेच रहे हैं।



## छोटे सिलेंडर में अधिक मुनाफा

बता दें कि दुकानदारों को बड़े के मुकाबले छोटे गैस सिलेंडर बेचना कहीं ज्यादा फायदे का सौदा है। दरअसल एक बड़े सिलेंडर ही छोटे सिलेंडर की रिफिलिंग की जाती है। कई लोग दुकान पर ही रिफिलिंग तो कई लोग अपने घरों से लाल सिलेंडर को रिफिल कर लाते हैं। यह दुकान से गैस सिलेंडर बदलकर दे देते हैं। शहर में दुकानों पर खुलेआम रखे गैस सिलेंडर सभी लोगों को नजर आते हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों को यह नजर ही नहीं आते हैं।

## सार-समाचार

### बृजेश घारू को मिला इंटरनेशनल प्रशंसा पत्र

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कराते कोच सिहान बृजेश घारू फिफ्थ डान ब्लैक बेल्ट को इटली के मार्शल आर्ट्स ग्रैंड मास्टर माइकल एंजेलो रामुन्नी नाइंथ डान ब्लैक बेल्ट एवं इंडोनेशिया के मार्शल आर्ट्स ग्रैंड मास्टर काना पेना सुकमा द्वारा सिहान घारू को कराते एवं मार्शल आर्ट्स के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान को देखते वर्चुअल माध्यम से प्रशंसा पत्र दिया। सिहान बृजेश घारू विगत 35वर्षों से कराते, सेल्फ डिफेंस मार्शल वेपन्स का प्रशिक्षण देते आ रहे हैं साथ ही उनके द्वारा प्रशिक्षित स्टूडेंट्स लगातार स्टेट, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय चैम्पियनशिप शानदार प्रदर्शन करते आ रहे हैं । सिहान घारू सोशल मीडिया के द्वारा भी लगातार राष्ट्रीय,एवं अंतर्राष्टीय कोचेस के संपर्क में रहते आ रहे हैं और लगातार करते की नई तकनीकों पर काम कर रहे हैं। बृजेश घारू की इस उपलब्धि पर ग्रैंड मास्टर सईद आलम भोपाल,सिहान मोहम्मद जावेद पिपरिया, एडवोकेट जगदीश पटेल,अमर नौरिया, मालक सिंह पटेल, अखिलेश साहू , श्रीमति मंजुलता लोधी आदि द्वारा बधाई दी।



### देवी मंदिरों में जगमगाएगी जोत

**गाडरवारा, देशबन्धु।** नवरात्र की प्रतिपदा तिथि 30 मार्च से शुरू हो रही है। सुबह से देवी मंदिरों और घर-घर में घट स्थापना की जाएगी। नगर क देवी मंदिरों में जोत प्रज्वलित करने की तैयारियां जोरशोर से की जा रही है। देवी मंदिरों में ज्योति जगमगाएगी।

**ऐसे करें घट स्थापना** - जिस जगह पर घट स्थापना करना हो, उसे गोबर से लीपकर अथवा गंगाजल छिड़ककर शुद्ध करें। मिट्टी, तांबा अथवा चांदी के कलश में जल भरकर, लौंग, साबुत हल्दी, इलायची, पान, आम का पत्ता, सिक्का, अक्षत डालकर इसके उपर सकोरा में तेल, बाती रखें। जंवारा बोने के लिए जौ, गेहूं, मिट्टी का कलश रखें। रोली से स्वास्तिक बनाएं। विधिवत पूजन करके जोत प्रज्वलित करें। लोहा, स्टील का बर्तन उपयोग में न लाएं ऐसी मान्यता है कि कलश स्थापना करने से घर में सुख, समृद्धि बढ़ती है। घट स्थापना चांदी, मिट्टी या तांबे के कलश में ही करना चाहिए। लोहा, स्टील अथवा अन्य धातु के बर्तन का उपयोग न करें।

### किराना दुकानों की तरह खुल रहे शिक्षण संस्थान

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गांव-गांव किराना दुकानों की तरह शिक्षण संस्थानों द्वारा जहां तहां बेनर, पोस्टर, लगाते हुए अभिभावकों को लुभाने की शुरुआत कर कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही हैं। मगर हैरान की बात है कि अंग्रेजियत मे डूबी इन निजी शालाओ की फ़ीस मंहगी तो होती है इसके अलावा इनमें पढ़ने बाले बच्चों से डोनेशन और अन्य मदों मे राशि वसूली कर अभिभावकों को अर्थिक शोषण किया जाता है। निजी स्कूल अंग्रेजी शिक्षा का महत्व बता कर अभिभावकों को जाल साज फसा लेते हैं और बच्चों के दाखिले के बाद शुरू हो जाती हैं। अभिभावकों के शोषण की कहानी जिसका पूरे साल अंत नहीं होता महगाई के इस दौर में किताबें, कापियां, बच्चों के गणवेश तथा बस का किराया, अन्य शालेय सामाग्री के दामों मे 10 गुना इजाफा होने से अभिभावक परेशान हैं। मजेदार बात यह है अग्रेजी मीडियम स्कूल चमचमाते इश्तहार तथा विज्ञापन प्रकाशित कर शासकीय स्कूलों से अभिभावकों का मोह भंग कर आपना जाल फेलाने में सफल हैं। निजी संस्थानों में अधिकतर स्थापना के निर्धारित माप दंड पर खरी नहीं उतरती है इनके पास ना व्यवस्थित खेल ग्राउंड,, पुस्तकालय, प्रयोग शाला, छात्र छात्रोंओ और स्टांप के लिए अलग शौचालयों की व्यवस्था रहती हैं। एसी संस्थानों के विरुद्ध कार्रवाई की जावे। मप्र शासन के स्कूली शिक्षा मंत्री से विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की है की गरीब मध्यवर्ग अभिभावकों का शोषण रुक सके।

### शांति समिति की बैठक आज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले में 30 मार्च से चैत्र नवरात्र प्रारंभ और 31 मार्च को ईद उल फितर का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाये जाने के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 28 मार्च को प्रात: 11 बजे से आयोजित की जायेगी। यह जानकारी अपर जिला दंडाधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।

# विराट संत सम्मेलन के लिए भूमिपूजन एवं ध्वज स्थापना कार्यक्रम 29 को

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** भगवान श्री सीताराम की अनुंपा से एवं श्री श्री 1008 श्री सनकादिक महाराज चित्रकूट धाम के सानिध्य में 21 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ, श्रीराम कथा, श्रीराम लीला एवं विराट संत सम्मेलन 19 अप्रैल से 27 अप्रैल तक चलेगा। पहले दिन 19 अप्रैल को शोभायात्रा निकलेगी।



आयोजन समिति ने बताया कि श्री देव सिद्ध बाबा झिरना बायपास रोड पर आयोजित इस कार्यक्रम के लिए शनिवार 29 मार्च को यज्ञ के लिए भूमिपूजन एवं ध्वज स्थापन कार्यक्रम प्रात: 11 बजे होगा।

साथ ही यज्ञ में प्रतिदिन विविध कार्यक्रम होंगे। जिसमें 20 अप्रैल को आरती मंथन हवन एवं प्रतिदिन यज्ञ पूजन सुबह 7 से 10 बजे तक। हवन 10 से 2 बजे तक एवं श्रीराम कथा शाम 4 से शाम 7 बजे तक और श्रीराम लीला शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक होगी।

इसके अलावा स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती चेरीटेबिल ट्रस्ट द्वारा संचालिक शंकराचार्य नेत्रालय झौंतेश्वर द्वारा 20 एवं 21 अप्रैल को सुबह 10 से 3 बजे तक निशुल्क नेत्र जांच परामर्श शिविर आयोजित होगा। प्रबुद्ध एवं आम जनमानस समिति ने सभी से यज्ञ के पहले 29 मार्च को ध्वज स्थापन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर उक्त महायज्ञ कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की है।

वहीं श्री श्री 1008 श्री सनकादिक महाराज चित्रकूट धाम प्रतिदिन श्री सिद्ध बाबा झिरना पर सत्संग कर रहे हैं और महाराज श्री यज्ञ समापन तक यही रहेंगे।

# चिकित्सक ही लिख रहे ब्रांडेड दवाइयां तो लोगों को कैसे मिलेगा जेनेरिक दवाओं का लाभ

**गाडरवारा, देशबन्धु। केंद्र सरकार द्वारा खोले गए जन औषधि केंद्रों में सस्ती दवाइयां तो मिल रही हैं, लेकिन यहां से दवाइयां लेने वालों की संख्या सामान्य मेडिकल स्टोर से काफी कम है। इसका कारण यह है कि जन औषधि केंद्र पर जेनेरिक दवाइयां मिलती हैं, लेकिन निजी क्लिनिक और अस्पताल संचालित करने वाले डाक्टर हमेशा ब्रांडेड दवाइयां ही लिखते हैं। यह तक की शासकीय अस्पताल में सेवा दे रहे डाक्टर भी जेनेरिक दवाइयां लिखते हैं।**

ऐसे में जेनेरिक दवाइयों की बिक्री कम होने के कारण केंद्र संचालक स्टाक भी कम ही रखते हैं। सरकार को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए कि जो औषधि केंद्र उन्होंने खोले हैं, उनके हिसाब से ही यदि डाक्टर दवाइयां लिखेंगे तो ही मरीजों को दवाइयां सस्ती मिल पाएंगी और इन दवाइयों की बिक्री भी बढ़ेगी।



मरीजों ने बताया कि वह निजी क्लिनिक पर डाक्टर को दिखाकर आते हैं, इसके बाद जब भी वह औषधि केंद्रों पर दवाइयां लेने जाते हैं तो उन्हें वह दवाइयां मिल ही नहीं पाती है। क्योंकि डाक्टर ब्रांडेड दवाइयां लिखते हैं और यहां सिर्फ जेनेरिक दवाइयां मिलती हैं। ऐसे में मजबूरन महंगी दवाइयां हमें खरीदनी पड़ती हैं।

बताया जाता है कि जेनेरिक दवा भी वही काम करती हैं, जो ब्रांडेड करती हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि ब्रांडेड दवा का प्रचार होता है और जेनेरिक का नहीं। इसलिए दवा खरीदते समय लोगों को साल्ट का नाम मालूम होना चाहिए। सभी दवाएं केमिकल साल्ट होती हैं। इन्हें शोध के बाद अलग-अलग बीमारियों के लिए बनाते हैं। जेनेरिक दवा जिस साल्ट से बनाई जाती है, उसी साल्ट से उसे जाना जाता है।

जेनेरिक दवाइयों के सस्ते होने का कारण ये है कि यह किसी बड़े ब्रांड की नहीं होती हैं। इस वजह से इन दवाइयों के मार्केटिंग आदि पर ज्यादा पैसा खर्च नहीं होता है। साथ ही रिसर्च, डेवलपमेंट, मार्केटिंग, प्रचार और ब्रांडिंग पर पर्याप्त लागत आती है। दवा बनाने में सबसे ज्यादा पैसा खर्च रिसर्च और डेवलपमेंट में होता है।दवा बनाने के लिए रिसर्च और डेवलपमेंट पहले ही हो चुका होता है। इसके अलावा जेनेरिक दवाओं का कोई प्रमोशन नहीं होता है। इन दवाओं की पैकेजिंग में ज्यादा खर्च नहीं आता है। इन दवाओं का उत्पादन बड़े स्तर पर किया जाता है।

# वन नेशन-वन इलेक्शन देश की जरूरत

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मप्र सरकार देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मागदर्शन में एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में संपूर्ण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। यही कारण है कि प्रदेश सरकार के बजट में हर क्षेत्र के विकास के लिए प्रावधान रखा गया है जिसमें पंचायती राज और ग्रामीण विकास के लिए प्रमुखता दी गई है। बजट में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष ग्रामीण विकास के लिए 304.22 करोड़ की वृद्धि की गई है। इसी प्रकार पंचायती राज के लिए पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 4155.55 करोड़ धनराशि की वृद्धि की गई है।

अर्थात विभागीय बजट में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उक्त जानकारी गुरूवार को प्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने हॉटल अरिहंत में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में दी। श्री पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन (आवास) में 37, प्रधानमंत्री जनमन सड़क में 700, मुख्यमंत्री अवसंरचना में 60 के अलावा अन्य योजनाओं में कई प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

इसके अलावा मुख्यमंत्री वृदांवन ग्राम योजना, मुख्यमंत्री समृद्ध परिवार योजना, क्षतिग्रस्त पुलों का पुन: निर्माण, मजरा टोला सड़क योजना आदि में राशि का प्रावधान कर प्रमुखता से कार्य करने को कहा गया है। श्री पटेल ने बताया कि वन इलेक्शन आज की जरूरत है। प्रधानमंत्री श्री मोदी इस दिशा में सभी वर्ग के लोगों से राय ले रहे हैं। यदि वन इलेक्शन पर देश तैयार होता है तो इसके कई फायदे होगें। क्योंकि देश में लगातार चुनाव होने से विकास अवरूद्ध होता है। अधिकारी-कर्मचारी चुनाव में लगे रहते हैं। प्रशासनिक क्षमता का अधिक समय चुनाव में लगता है।

वहीं श्री पटेल ने वन नेशन वन इलेक्शन के फायदे बताते हुए कहा कि स्थानीय एवं पंचायत निकायों द्वारा भी इसके समर्थन में प्रस्ताव पारित कर राष्ट्रपति को भेजे जा रहे हैं। नरसिंहपुर, गोटेगांव, करेली एवं जिला पंचायत द्वारा भी इस आशय के प्रस्ताव पारित हुए हैं। श्री पटेल ने बताया कि प्रत्येक पंचायत में बहुउपयोगी आधुनिक ई भवन बनेंगे एवं सामुदायिक भवन भी बनाए जायेंगे।




आपने बताया कि नवरात्रि से नया वर्ष प्रारंभ होगा और मप्र सरकार भी इसी दिन से विक्रम उत्सव प्रारंभ करेगी। साथ ही हम अपने वैचारिक संगठन से प्रेरित होकर कार्य करते हैं इससे हमें ऊर्जा मिलती है। इस दौरान नरसिंहपुर क्षेत्र के विकास के लिए उठाये जा रहे कदमों की भी आपने विस्तार से जानकारी दी।

उक्त मौके पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, पूर्व नपा अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी, नगर भाजपा अध्यक्ष अंशुल नेमा एवं मीडिया प्रभारी वैभव नेमा आदि मौजूद थे।

# देहरादून में होने वाली जूडो प्रतियोगिता को कोच की नियुक्ति

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नगर के जूडो कोच अशोक नामदेव को एक बार फिर उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित होने जा रही जूनियर राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिताकी जूडो स्पर्धा में टेक्निकल अधिकारी नियुक्त किया गया है ।



यह नियुक्ति भारतीय जूडो महासंघ के द्वारा की गई है । इसके पूर्व भी श्री नामदेव अनेको बार यह दायित्व निभा चुके हैं व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने बाली भारतीय जूडो टीम की चयन प्रतियोगिताओं में भी निर्णायक की भूमिका निभा चुके है यह जिले के लिए गौरव की बात है।

जूडो कोच अशोक नामदेव राष्ट्रीय निर्णायक के साथ ही एक श्रेष्ठ जूडो भी है आपके द्वारा प्रशिक्षित अनेको बालक-बालिका व पुरूष-महिला खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा चुके है आपकी इस गौरवमय उपलब्धि व नियुक्ति पर जिले में खेलों के विकास हेतु सदा तत्पर रहने वाले पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, जिला जूडो संध के संरक्षक समाजसेवी सुनील कोठारी, अध्यक्ष जियाउद्दीन खान, नीलेश जाट, अजय प्रताप पटेल(अध्यक्ष जिला ओलंपिक संघ), एस. एस. राजपूत पूर्व खेल अधिकारी, सुनीता यादव (जिला और युवा कल्याण अधिकारी), जी. एस. पटेल (प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय), योगेश शर्मा (एन. आई.एस.), मर्दुलेश दुबे, मनीष कटारे, अर्पित सक्सेना (स्पोर्ट्स आफिसर), देवेश वैध,पंकज नेमा, सुश्री अंजिता वर्मा, विकाश शर्मा, आनंदगोपाल श्रीवास्तव,नारायण यादव सहित जिले के सभी खेल संघो के पदाधिकारियों खेल क्लबो खेल प्रेमी जनों द्वारा बधाइयाँ प्रेषित की जा रही हैं ।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन अयोध्या धाम की यात्रा हेतु जिले के 248 यात्री विशेष ट्रेन से रवाना

**अनूपपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत अयोध्या धाम की यात्रा हेतु विशेष ट्रेन 26 मार्च की शाम 6 बजे अनूपपुर रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम की यात्रा हेतु रवाना हुई, जो 31 मार्च को जिले में वापस आएगी। अनूपपुर रेलवे स्टेशन में अयोध्या धाम की विशेष ट्रेन को जिला स्तरीय दिशा समिति के सदस्य व जनपद पुष्पराजगढ़ के पूर्व अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, नपाध्यक्ष अनूपपुर अंजुलिका सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी व प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय के.के. सोनी, आत्मा गर्वनिंग बोर्ड की सदस्य रश्मि खरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ नागरिक एवं यात्रियों के परिजन उपस्थित रहे।


**मार्केट वॉच गाडरवारा**

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए